Title: Need to expedite construction of power grid stations in Maharajganj parliamentary Constituency, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज के सीवान जिले में महाराजगंज में 220 के.वी. एवं बनियापुर में 33 के.वी. के उपकेन्द्र की स्थापना हेतु पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं किन्तु इन प्रस्तावों को बिहार विद्युत परिद, बिहार सरकार द्वारा अनापत्ति पत्र निर्गत किये जाने की कार्रवाई शे है तथा उक्त दोनों ही स्थानों पर ग्रिड स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रतीक्षित है। विगत चार र्वों में मेरे सतत प्रयास के पश्चात् भी इन ग्रिड स्टेशनों का निर्माण कार्य सरकारी औपचारिकताएं नहीं पूरी होने के कारण प्रतीक्षित है। इस संबंध में मैंने विगत 27 फरवरी को बिहार के ऊर्जा मंत्री एवं सांसदों के साथ हुई बैठक में भी इस प्रश्न को उठाया तथा एक पत्र लिखकर अविलम्ब बिहार सरकार से अनापत्ति पत्र निर्गत करने का अनुरोध भी किया है।

सभापति जी, आपके माध्यम से मैं इस ग्रिड स्टेशन के निर्माण कार्य से संबद्ध सभी पक्षों से आग्रह करना चाहूंगा कि सरकारी स्तर पर शीघ्रातिशीघ्र सारी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ-साथ इन ग्रिड स्टेशनों का निर्माण कार्य अविलम्ब आरम्भ कराया जाए।